nt>

Title: Need to solve acute drinking water problem in Chitrakut and Banda districts of U.P.

श्री राम सजीवन (बांदा) : अध्यक्ष महोदय, उत्तर प्रदेश के चित्रकूट एवं बांदा जिलों में अल्पवृटि के दुप्रभाव के कारण पेयजल की समस्या गंभीर होती जा रही है। छोटे-छोटे नदी-नाले, तालाब और कुँए सूख गए हैं। यत्र-तत्र जहां-कहीं कुछ पानी बचा है, वह भी गंदा हो गया है तथा पीने योग्य नहीं रहा। इंडिया मार्क-2 हैण्ड पम्प कम गहराई में लगे होने के कारण पचास प्रतिशत से अधिक सूख गए हैं, खराब हो गए हैं और पानी नहीं देते। गहराती जा रही पेयजल समस्या गर्मी का मौसम आते-आते और अधिक विकराल रूप धारण करने वाली है। इसीलिए, आवश्यक है कि उक्त जिलों में गहराती पेयजल की समस्या और अभाव को दूर करने हेतु अभी से सचेत होना श्रेयस्कर होगा। हैण्डपम्पों को अधिकाधिक संख्या में अधिठापित किया जाए। सांसद जन-प्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तुत सुझावों और प्रस्तावों पर तत्काल अमल किया जाए। जल निगम यूनीसेफ चित्रकूट को चुस्त-दुरुस्त एवं स्वच्छकर बनाकर धन उपलब्ध कराया जाए। हैण्ड पम्प अधिक गहराई तक लगाए जाएं।

अतः मैं इस अविलम्बनीय लोक महत्व के प्रश्न पर सदन एवं सरकार का ध्यान आकर्शित करता हूं।